futuretopper.in

Series JBB/4

SET-3

कोड नं. **4/4/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है — **क, ख, ग** एवं **घ** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) ***खण्ड क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

(iii) ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या **2** से **6** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

(iv) ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या **7** से **11** तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

(v) ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या **12** से **16** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

(vi) *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

खण्ड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हर मनुष्य या समाज या राज्य के लिए कुछ गहराई का होना और कहीं न कहीं उसकी जड़ें होना आवश्यक है । जब तक उनकी जड़ अतीत में न हो तब तक उनकी कोई गिनती नहीं होती और अतीत आखिर पीढ़ियों के अनुभव और कई प्रकार की समझ-बूझ का संचय है । आपके पास इसका होना ज़रूरी है वरना आप किसी दूसरी चीज़ की एक घटिया नकलमात्र रह जाएँगे और एक व्यक्ति या समूह के नाते आपको उसका कोई लाभ नहीं होगा । दूसरी ओर यह भी है कि कोई केवल जड़ों तक ही सीमित नहीं रह सकता । जड़ों से भी अंकुर फूटकर जब तक ऊपर धूप और खुली हवा में नहीं आते तो जड़ें भी संकट में पड़ जाती हैं ।

सुसंस्कृत मन की जड़ भले ही अपने अंदर ही हो, लेकिन उसे अपने दरवाज़े और खिड़कियाँ खुली रखनी चाहिए । उसमें दूसरे की दृष्टि को पूरी तरह समझने की क्षमता अवश्य होनी चाहिए, भले ही वह उससे हमेशा सहमत न हो । सहमति और असहमति का सवाल तभी उठता है जब आप किसी चीज़ को समझते हैं, अन्यथा यह आँख बंद करके स्वीकार करना है, जिसे किसी भी चीज़ के बारे में सुसंस्कृत दृष्टि नहीं कहा जा सकता ।

(क) हमारी जड़ों का अतीत से जुड़ना क्यों ज़रूरी है ? *2*

(ख) लेखक ने प्रगति के लिए क्या सुझाव दिए हैं ? *2*

(ग) सुसंस्कृत व्यक्ति के किन गुणों की ओर संकेत किया गया है ? *2*

(घ) सुसंस्कृत दृष्टि क्या है ? उसे क्यों आवश्यक माना गया है ? *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । *1*

(च) किसी तथ्य के बारे में व्यक्ति अपनी राय कब प्रकट कर सकता है ? *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

खण्ड ख

2. 'पद' किसे कहते हैं, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *1*

3. निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) काम करने वाले लोगों को सूचना दे दी गई थी । (मिश्र वाक्य में)

(ख) जब ठीक चार बजकर दस मिनट हुए तब सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए ।
(सरल वाक्य में)

(ग) जैसे ही मैदान के मोड़ पर पहुँचे, वैसे ही पुलिस ने लाठियाँ बरसानी शुरू कर दीं ।
(संयुक्त वाक्य में)

4. (क) निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) शुभागमन

(ii) विद्याभंडार

(ख) निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) नीला है जो गगन

(ii) डर रहित

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) उसके बाद वे वापस लौट आए ।

(ख) आठ बजने के लिए दस मिनट हैं ।

(ग) मज़दूर खूब काम करता है क्योंकि उसे अच्छा पैसा मिले ।

(घ) मेरा भाई प्रोफेसर लगा हुआ है ।

6. निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *1×4=4*

(क) छक्के छुड़ाना

(ख) आस्तीन का साँप

(ग) टेढ़ी खीर

(घ) आँख खुल जाना

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

खण्ड ग

7. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में लेखक की माँ की कैसी सोच थी ? माँ की सोच पर अपने विचार लिखिए । *5*

अथवा

कर्नल और लेफ्टीनेंट को वज़ीर अली से रॉबिनहुड की याद क्यों आती थी ? वज़ीर अली के बारे में उन्हें क्या-क्या जानकारी मिली ? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए । *5*

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा ।' बड़े भाई साहब ने यह वाक्य क्या समझाने के लिए कहा ?

(ख) कलकत्ता में 26 जनवरी 1931 की सभा में स्त्रियों की भूमिका का वर्णन 'डायरी का एक पन्ना' के आधार पर कीजिए ।

(ग) तताँरा-वामीरो की मृत्यु क्यों हुई और उससे सुखद परिवर्तन क्या हुआ ?

(घ) 'झेन की देन' पाठ के आधार पर बताइए कि जापान के लोगों में किस प्रकार के रोग बढ़ रहे हैं और क्यों ?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'उड़ गया, अचानक लो भूधर
फड़का अपार वारिद के पर !' – भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं' पंक्ति द्वारा रवींद्रनाथ ठाकुर क्या कहना चाहते हैं और क्यों ?

(ग) गोपी श्रीकृष्ण की मुरली क्यों छिपा देती है ?

(घ) डूबते गजराज को किसने बचाया था और मीरा ने इसका वर्णन क्यों किया ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

10. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

'मनुष्यता' कविता में मैथिलीशरण गुप्त ने एक ओर स्वर्णिम भारत का पौराणिक और ऐतिहासिक गौरवपूर्ण चित्र प्रस्तुत किया है तो दूसरी ओर आधुनिक भारत की समस्त चेतनाओं और मान्यताओं का सफल प्रतिनिधित्व भी किया है ।' विस्तार से स्पष्ट कीजिए । *5*

अथवा

'कर चले हम फ़िदा' कविता में सैनिक की इच्छाएँ-आशाएँ क्या हैं और वे हमें क्या संदेश देती हैं ? *5*

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'रिश्तों की गर्मी धूमिल हो सकती है लेकिन मिटती नहीं ।' 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर इस कथन पर अपने विचार लिखिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में आपको कौन-सा अध्यापक प्रिय लगता है और क्यों ?

खण्ड घ

12. आपने अनुपयोगी और व्यर्थ समझे जाने वाले सामान से अनेक प्रकार के छोटे-छोटे खिलौने तैयार किए हैं । उनकी बिक्री के लिए लगभग 25 – 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

अथवा

'प्रकृति' क्लब के द्वारा तैयार की गई जैविक खाद की बिक्री के लिए लगभग 25 – 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

13. परीक्षा समाप्ति पर दो विद्यार्थियों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । *5*

अथवा

खाने की मेज़ पर अपनी किसी समस्या के बारे में माताजी से बातचीत लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । *5*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

14. विद्यालय में आयोजित होने वाली कविता-पाठ प्रतियोगिता के लिए 40 – 50 शब्दों में एक सूचना लिखिए । *5*

अथवा

'समाज-सेवा' क्लब किसी वृद्धाश्रम के लिए चादर, कंबल और गर्म कपड़े एकत्र करना चाहता है । उसके लिए 40 – 50 शब्दों में सूचना लिखिए । *5*

15. आपका आवास बदल गया है, अत: विद्यालय से अपने आवास तक की दूसरी बस से आने-जाने की अनुमति के लिए प्रधानाचार्य को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

अथवा

गर्मी की छुट्टियों में आप 'नाट्यशाला' के द्वारा आयोजित की जा रही 'थियेटर वर्कशॉप' में प्रवेश लेना चाहती हैं । निदेशक को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर 'वर्कशॉप' की जानकारी माँगिए । *5*

16. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) शरद पूर्णिमा की रात

- पूर्णिमा-सौंदर्य
- हल्की ठंड की शुरुआत
- आनंदमय वातावरण

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

(ख) इंटरनेट

- सुविधा
- मुट्ठी में दुनिया
- समय की बचत

(ग) बाग़वानी

- शौक और सौंदर्य
- साफ़-सुथरी ताज़ा सब्ज़ी
- बचत